प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 01.04.2024 समय : 01:00 पी.एम.

लोकसभा चुनाव प्रचार को लेकर केन्द्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता आज जोधपुर दौरे पर हैं। उन्होंने रातानाडा में जोधपुर लोकसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक ली। इस अवसर पर श्री शाह ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा देश के हर वर्ग के विकास को लेकर भाजपा संकल्पित है। बैठक में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, जोधपुर से पार्टी प्रत्याशी और वर्तमान सांसद गजेन्द्र सिंह शेखावत, जोधपुर के लोकसभा प्रभारी, सह–प्रभारी तथा पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। श्री शाह जोधपुर में ही लोकसभा बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में भी भाग लेंगे। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कल कोटपूतली का दौरा प्रस्तावित है। वे वहां जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में सभा करेंगे। उधर कांग्रेस के विभिन्न स्टार प्रचारक भी अपने प्रत्याशियों के लिए आम सभाओं को संबोधित कर रहे है। वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी का 6 अप्रेल को प्रदेश दौरा प्रस्तावित है।

....

भारतीय जनता पार्टी की चुनाव घोषणा पत्र समिति की बैठक नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में चल रही है। समिति इन लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी का घोषणा पत्र तैयार करेगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गठित 27 सदस्यों् की समिति की यह पहली बैठक है। इस बीच, कांग्रेस की केन्द्रीय चुनाव समिति की भी नई दिल्ली में बैठक हो रही है। पार्टी अध्यवक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और अन्य नेता बैठक में मौजूद हैं।

....

भारतीय रिजर्व बैंक के 90 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आज मुम्बई में समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण और वित्त राज्य मंत्री भागवत किशनराव कराड तथा पंकज चौधरी भी हिस्सा ले रहे है। रिज़र्व बैंक ने एक अप्रैल 1935 से काम करना शुरू किया था और आज इसके 90 वर्ष पूरे हो रहे हैं। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो – सीबीआई भी आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर नई दिल्ली के भारत मंडपम में 20वें डी पी कोहली स्मारक व्याख्यान का आयोजन किया जा रहा है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई चंद्रचूड डीपी कोहली स्मारक व्याख्यान देंगे। इस वर्ष की थीम है–उन्नत आपराधिक न्याय प्रक्रिया के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग।

....

जैसलमेर के पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में आज से भारतीय वायु सेना का युद्धाभ्यास गगन शक्ति आयोजित किया जा रहा है। दस दिनों तक चलने वाले इस युद्धाभ्यास में देश के सभी वायु सेना स्टेशन भाग ले रहे है। इसमें तेजस, राफेल, सुखोई 30, जगुआर, ग्लोबमास्टर, चिनूक, अपाचे, प्रचंड सहित कई लड़ाकू विमानों का प्रदर्शन किया जायेगा।

....

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने सीयूईटी में आवेदन करने की तारीख पांच अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी पांच अप्रैल को रात नौ बजकर पचास मिनट तक आवेदन कर सकते हैं। इससे पहले आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च थी।

....

भारत सूचना सेवा की वरिष्ठ अधिकारी शेफाली शरण ने आज पत्र सूचना कार्यालय के प्रधान महानिदेशक का कार्यभार संभाला। 1990 बैच की अधिकारी शैफाली शरण ने मनीष देसाई के सेवा निवृत होने के बाद इस पद का कार्यभार संभाला हैं। वे निर्वाचन आयोग और वित्त मंत्रालय में भी काम कर चुकी हैं।

....

प्रदेशभर में लोकपर्व बास्योड़ा यानि शीतलाष्टमी श्रद्धाभाव के साथ मनाया जा रहा है। शीतला माता मंदिरों में अल सुबह से ही महिला श्रद्धालुओं की भीड देखी गई। उन्होंने शीतला माता पूजा अर्चना

कर ठण्डे पकवानों का भोग लगाया। शीतला अष्टमी के अवसर पर जयपुर सहित विभिन्न स्थानो ंपर मेले भर रहे है। जयपुर के चाकसू में शील की डूंगरी स्थित मंदिर में बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे है। जैसलमेर के सोनार किले स्थित शीतला माता मंदिर में मेला भर रहा है। मेले में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। tk/kij के कागा स्थित शीतला माता मंदिर में भी मेला आयोजित किया जा रहा है। मेले में प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किये गये है। शाहपुरा जिले के कोठियां में इस अवसर पर इलाजी और ईली के विवाह किया गया। इसके बाद विशेष प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

....